करौली-हिंडौन भास्कर

# स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य बताए, श्रमदान, समाज सेवा के लिए प्रेरित किया

## राजकीय पीजी कॉलेज में एनएसएस का स्थापना दिवस मनाया

**हिंडौन सिटी** राजकीय पीजी महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस एवं प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य सुरेश चंद मीना ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों और महाविद्यालय प्राध्यापकों ने हिस्सा लिया।

प्राचार्य ने एनएसएस के उद्गम, उद्देश्य व गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वर्तमान में हो रहे सामाजिक परिवर्तन में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला और स्वयंसेवकों से राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों के अनुरूप आचरण करने का आह्वान किया। बताया कि प्रथम व द्वितीय वर्ष के नियमित विद्यार्थी राष्ट्रीय सेवा योजना में भाग ले सकते हैं। महाविद्यालय में एनएसएस की दो इकाइयां हैं। जिसमें 70 स्वयंसेवकों को प्रवेश दिया जाना है। आवेदन जमा कराने की अंतिम तिथि 28 सितम्बर है। आवेदन पत्र के साथ 10 वीं 12 वीं कक्षा की मार्कशीट व प्रथम वर्ष की फीस रसीद साथ लगानी होगी। स्थापना दिवस समारोह में मुकेश कुमार गोयल, महेश कुमार गर्ग, डॉ. रीतेश जैन, श्रीमती भोली मीना, श्रीनिवास गुर्जर, श्रीमती राजकुमारी, कार्यक्रम अधिकारी सहदेव सिंह, उपमा मीना आदि मौजूद रहे।



हिंडौन सिटी। राजकीय पीजी कॉलेज में एनएसएस का स्थापना दिवस मनाया गया।



नादौती। राजकीय कॉलेज परिसर की सफाई कर श्रमदान करते स्वयं सेवक।



टोडाभीम। कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस मनाया।

**नादौती।** राजकीय महाविद्यालय नादौती में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत एनएसएस स्थापना दिवस पर स्वयं सेवकों ने श्रमदान किया। महाविद्यालय में प्राचार्य आर.सी.वर्मा की अध्यक्षता में स्वयं सेवकों का आमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. कमलेश कुमार मीना राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य की जानकारी और स्वयं सेवकों को समाज सेवा और श्रमदान के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के तहत स्वयं सेवकों ने महाविद्यालय परिसर की सफाई कर श्रमदान किया। डॉ.ऋषिकेश गुर्जर सहायक आचार्य, डॉ. धर्मेंद्र कुमार जांगिड सहायक आचार्य, विजय सिंह बैरवा सहायक आचार्य, श्रीफल मीना सहायक लेखाधिकारी, रवि कुमार मीना कनिष्ठ सहायक, गजानंद गुप्ता आदि मौजूद थे।

**टोडाभीम।** कस्बे के पाड़ला रोड बिराई चौराहा के समीप स्थित राजकीय कॉलेज के प्राचार्य डॉ.उदयराज मीना की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापन दिवस मनाया गया। प्राचार्य डॉ.उदयराज मीना ने एनएसएस के उद्देश्यों को छात्र-छात्राव के जीवन में उतारने का आह्वान किया। उन्होंने सेवा भाव को जीवन में उतारने पर बल दिया। इस अवसर पर डा.गोविन्द शरण शर्मा ने कॉलेज के छात्र-छात्राओं को एनएसएस के संकल्पों से जीवन-विकास क्रम में गुणोत्तर वृद्धि को समझाया। महाविद्यालय के एनएसएस प्रभारी अधिकारी डॉ.चन्दनमल शर्मा ने एनएसएस के वर्ष भर किये जाने वाले कार्यों से स्वयंसेवकों को अवगत कराया, उन्होंने मैं नहीं तुम के मोटो को अपनाते हुए सेवा धर्म को जीवन में उतारने पर बल दिया गया। अंत में समस्त स्वयंसेवियों ने पौधरोपण कर कार्यक्रम का समापन किया।